भगत फूल सिंह महिला विवि में व्याख्यान

# अनुवाद क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं : टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सोमवार को एक विस्तारक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मूर्ति मलिक ने की।

मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. पूरन चंद टंडन ने कहा कि अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर हैं। अनुवाद भाषाओं के मध्य सेतु का काम करता है। इसके माध्यम से विचारों, विचारधाराओं और संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है। अनुवाद साहित्य, विज्ञान, व्यापार और राजनीति के क्षेत्र में मुख्य भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुसंधान को विश्व स्तर पर लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनुवाद से शैक्षिक सामग्री को विभिन्न भाषा में उपलब्ध कराकर शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है। इससे लोग दुनिया को वैश्विक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं जिससे विश्व बंधुत्व की भावना का विकास होता है।



गोहना। प्रो. पूरन चंद का स्वागत करते प्रो. मूर्ति मलिक। फोटो : हरिभूमि

# भाषाओं के मध्य सेतु का काम करता है अनुवाद : प्रो. पूरन

भास्कर न्यूज | गोहाना

दिल्ली विवि के प्रो. पूरन चंद टंडन ने कहा कि अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसर हैं। अनुवाद भाषाओं के मध्य सेतु का काम करता है। इसके माध्यम से विचारों, विचारधाराओं और संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है। अनुवाद के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुसंधान को विश्व स्तर पर लाया जा सकता है। वे सोमवार को बीपीएस महिला विवि के हिंदी विभाग में आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं से अनुवाद के अनुभव साझा कर रहे थे।

प्रो. पूरन चंद ने कहा कि अनुवाद से शैक्षिक सामग्री को विभिन्न भाषा में उपलब्ध कराकर शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है। अनुवाद से लोग दुनिया को वैश्विक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे



विश्व बंधुत्व की भावना का विकास होता है। उनके अनुसार अनुवाद से तकनीकी सामग्री को विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराकर तकनीकी विकास और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। अनुवाद भाषा विज्ञान का एक अंश है। यही नहीं सूचना प्रौद्योगिकी की रीड अनुवाद है और अनुवाद की रीढ़ पारिभाषिक शब्दावली है। इसके बाद उन्होंने छायावाद को परिभाषित करते हुए छायावादी कवियों की विशेषताओं से छात्राओं को अवगत कराया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मूर्ति मलिक ने की।

# 'अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के काफी अवसर'

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो . मूर्ति मलिक ने की और मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो . पूर्ण चंद टंडन रहे। उन्होंने अनुदान विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के काफी अवसर हैं। प्रो . टंडन ने कहा कि अनुवाद भाषाओं के मध्य सेतु का काम करता है। इसके माध्यम से विचारों, विचारधाराओं और संस्कृतियों का आदान प्रदान होता है। अनुवाद साहित्य, विज्ञान, व्यापार और राजनीति के क्षेत्र में मुख्य भूमिका निभाता है। अनुवाद के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुसंधान को विश्व स्तर पर लाया जा सकता है।



महिला विश्वविद्यालय में मुख्य वक्ता प्रो . पूर्ण चंद टंडन को पौधा भेंट करते हुए प्रो . मूर्ति मलिक • सौ. प्रवक्ता

अनुवाद से शैक्षिक सामग्री को विभिन्न भाषा में उपलब्ध कराकर शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है। अनुवाद से लोग दुनिया को वैश्विक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे विश्व बंधुत्व की भावना का विकास होता है।